होटल में चल रही रेव पार्टी, 40 युवक-युवतियां गिरफ्तार

होटल संचालक को भी शराब परोसते गिरफ्तार किया गया है

जयपुर। बगरू थाना थाना इलाके में शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक होटल में चल रही रेव पार्टी पर छापेमारी करते हुए चालीस युवक-युवतियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में शराब जब्त की गई। इसके अलावा होटल संचालक को भी शराब परोसते गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि बगरू थाना थाना इलाके में शुक्रवार-शनिवार की मध्य रात्रि को सूचना मिली थी कि इलाके के हिम्मतपुरा स्थित होटल कैएलम अथर्वा पैलेस एंड रेस्टोरेंट में रेव पार्टी चल रही है।

इसके बाद कुछ पुलिसकर्मियों को सादा वर्दी में मौके पर भेज कर तस्दीक कराई गई। जहां पुलिसकर्मियों के इशारा मिलने पर रात डेढ़ बजे बगरू और बिंदायका थाने का जाब्ता मौके पर भेजा गया। जहां पुलिस कार्रवाई के दौरान बडी संख्या में युवक-युवती नशे की हालत में मिले तो कुछ पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। जिन्हे पकड कर पूछताछ की गई और साथ ही होटल संचालक को मौके पर बुलाया गया।

बगरू थाना थाना इलाके में एक होटल में चल रही रेव पार्टी पर छापेमारी करते हुए चालीस युवक-युवतियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने होटल संचालक से शराब परोसने संबंधित आबकारी के दस्तावेज मांगे गए। लेकिन संचालक दस्तावेज नहीं दिखा पाया। इसके बाद होटल संचालक मुकेश गुर्जर को गिरफ्तार किया गया।

वहीं होटल में चल रही रेव पार्टी के दौरान सोयब निवासी शास्त्री नगर, रौनक निवासी वैशाली नगर, लोकेश निवासी सवाई माधोपुर, मोहर सिंह निवासी सांगानेर, मुकेश शर्मा निवासी बगरू, प्रदीप सुराणा निवासी बीकानेर, नवीन सैनी निवासी झुन्झुनू, चन्द्र प्रकाश गर्ग निवासी सवाई माधोपुर, अनिल केडिया निवासी महेश नगर, सतीश सैनी निवासी महेशनगर, शैलेन्द्र गोयल निवासी बारां, आशीष खंडेलवाल निवासी कोटा, सिराजुद्दीन निवासी शास्त्री नगर, आशिष शर्मा निवासी बगरू, निखिल माहेश्वरी निवासी यूपी, साबीर निवासी शास्त्री नगर, राजेन्द्र कुमार निवासी शाहपुरा, भागीरथ कुमार निवासी कोटपूतली, सुनील निवासी भीलवाड़ा, विकास खंडेलवाल निवासी कोटा, रामनिवास निवासी मुरलीपुरा, महिपाल निवासी नागौर, बनवारी लाल निवासी झोटवाड़ा, जितेन्द्र कुकरेजा निवासी कोटा, राहुल स्वामी निवासी कालवाड, रामसिंह निवासी झुन्झुनू, रामप्रकाश निवासी मुहाना, मंजित सैनी निवासी सवाई माधोपुर, महेन्द्र सैनी निवासी सवाई माधोपुर, विष्णु रैगर निवासी अजमेर, मुरलीधर निवासी टोंक, सोहन शर्मा निवासी बगरू, गिर्राज सैनी निवासी मानसरोवर, भोलानाथ शर्मा निवासी ज्योतिनगर, मोहनलाल शर्मा निवासी बगरू, रणजीत सिंह निवासी वैशाली नगर, नरपतराम निवासी नागौर और कपिल निवासी कोटा को गिरफ्तार किया गया। सभी लोगों को बिंदायका थाने में रखा गया है।

ई-रिक्शा चुराने वाले दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ब्रह्मपुरी थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा चुराने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया

- **दो ई-रिक्शा और 12 बैटरी सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन जब्त**

है और उनके पास से दो ई-रिक्शा और 12 बैटरी सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुन्दन कंवारिया ने बताया कि सीएसटी ने ब्रह्मपुरी थाना इलाके में वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा चुराने वाले शातिर बदमाश किशोर सिंह और राजेन्द्र शर्मा को गिरफ्तार किया है और दोनों ही बदमाश ब्रह्मपुरी थाना इलाके के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो ई-रिक्शा, 12 बैटरी सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन (स्कूटी) जब्त की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित चोरी करने से पहले वाहनों की रेकी करते है और फिर वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते है। वहीं आरोपित नशा करने के आदि है और नशा पूर्ति के लिए नशा करते है।

सार-समाचार

शहर के 15 प्रमुख क्षेत्रों में लगभग 5000 बच्चे लेंगे समर कैंप का आनंद

जयपुर। बच्चों को रचनात्मक, तकनिकी और अभिव्यक्ति गतिविधियों में प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से एक्ट टू एक्शन समर कैंप 2025 का आयोजन होने जा रहा है। 25 मई से 15 जून तक चलने वाले अनोखे समर कैंप में इस बार 5000 से अधिक बच्चें हिस्सा लेने वाले है। ये कैंप शहर के 15 प्रमुख क्षेत्रों में आयोजित होगी। कैंप के समापन समारोह के लिए प मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। कैंप में 3 से 15 वर्ष तक के बच्चें के साथ ही 15 वर्ष से अधिक आयु के युवाओं के लिए मोबाइल फिल्म मेकिंग और इवेंट मैनेजमेंट जैसे स्किल ट्रेनिंग विषयों पर तैयार किया जाएगा। इस समर कैंप को बच्चों के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भी पोस्टर विमोचन के साथ अपना सहयोग दिया।इस अवसर पर एक्ट टू एक्शन संस्था के डायरेक्टर कृतेश, उनकी टीम, और अन्य सहयोगी सदस्य उपस्थित रहे। कैंप का आयोजन जयपुर के जगतपुरा, वैशाली नगर, झोटवाड़ा, कालवाड़ रोड, मानसरोवर, पुराना शहर, अंबाबाड़ी, सीतापुरा सहित 15 विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा। कृतेश ने बताया कि यह समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास को केंद्र में रखकर डिजाइन किया गया है। इसमें तीन प्रमुख संस्थाएं क्रिआर, स्किलोनेशन किड्स और एक्ट टू एक्शन मिलकर बच्चों को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित करेंगी। क्रिआर संस्था कैनवास आर्ट के माध्यम से बच्चों की रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को विकसित करेगी। स्किलोनेशन किड्स रोबोटिक्स और कोडिंग के माध्यम से तकनीकी और तार्किक सोच को मजबूत बनाएगी। एक्ट टू एक्शन थिएटर प्रशिक्षण के ज़रिए बच्चों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति क्षमता और टीम वर्क को प्रोत्साहित करेगी।

एनएसई ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति संवेदना जताई

मुंबई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले के पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। इस अमानवीय हमले में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों की सहायता के लिए एनएसई ने 1 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है, जिसके तहत प्रत्येक परिवार को लगभग 4 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे। एनएसई इस दु:ख और संकट के समय देश के साथ खड़ा है।एनएसई के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आशीषकुमार चौहान ने कहा,यह हमारे देश के लिए सामूहिक शोक का क्षण है। हमारी प्रार्थनाएं और भावनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। हम इस मुश्किल घड़ी में उनके साथ खड़े हैं और हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अपेक्स विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

जयपुर। अपेक्स यूनिवर्सिटी, जयपुर और सार्क जर्नलिस्ट फोरम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी "दक्षिण एशियाई देशों में शांति और सद्भाव की स्थापना में पत्रकारिता की भूमिका" का भव्य आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस संगोष्ठी में विभिन्न देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों, विशेषज्ञों और छात्रों ने भाग लिया है। इस अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में पांच तकनीकी सत्रों तथा दो ऑनलाइन सत्रों में 75 से अधिक शोध पत्र पढ़े गए। नेपाल तथा श्रीलंका से आये पत्रकार प्रतिनिधिमंडलों ने इसमें सम्मिलित होकर क्षेत्र के विकास को लेकर चिंताएं साझा की। दो दिनों तक चली इस संगोष्ठी में विविध सत्रों का आयोजन हुआ, जिनमें पत्रकारिता की भूमिका, शांति निर्माण के उपाय और क्षेत्रीय सहयोग पर गहन विचार-विमर्श हुआ। प्रोफेसर संजीव ने कहा कि मीडिया के माध्यम से सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देकर शांति के प्रयासों को मजबूत किया जा सकता है। डिजिटल मीडिया आज न केवल सूचना का सशक्त माध्यम बन चुका है, बल्कि यह युवाओं को जागरूक करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का जरिया भी बन रहा है। इस गरिमामयी सम्मेलन की अध्यक्षता एसजेएफ के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजू लामा ने की। इस अवसर पर राहुल समंथा (अध्यक्ष-श्रीलंका चैप्टर), डॉ अनिरुद्ध सिद्धांशु(अध्यक्ष-भारत चैप्टर), डॉ. संजीव भानावत एवं डॉ. स्मिता मिश्रा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अपेक्स यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डॉ रवि जूनीवाल ने कहा कि अपेक्स विश्वविद्यालय एवं एसजेएफ के इस संयुक्त प्रयास ने दक्षिण एशिया में शांति, सहयोग और पत्रकारिता की सार्थक भूमिका को नए आयाम दिए हैं। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इस प्रकार के आयोजन का विशेष महत्व है।

जोधरावाला के संस्कृत विद्यालय का कायाकल्प

जयपुर। राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, जोधरावाला के जर्जर भवन को मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान ने नैक आरसीएम कंपनी के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी प्रोग्राम के अंतर्गत जीर्णोद्धार कर एक आधुनिक, सुरक्षित और बाल-मित्र (चाइल्ड फ्रेंडली) शिक्षा स्थल में परिवर्तित कर दिया है। यह पुनर्निर्माण न केवल छात्रों के लिए प्रेरणादायक शैक्षिक वातावरण प्रदान करेगा, बल्कि ग्रामीण शिक्षा के स्तर को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। इस अवसर पर आयोजित उद्घाटन समारोह में नैक आरसीएम कंपनी के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट सुजीत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ट्रस्ट संरक्षक ओमप्रकाश पोद्दार, सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता के.सी. वर्मा एवं प्रबंध निदेशक कौशल सत्यार्थी भी विशिष्ट अतिथियों में शामिल थे। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का पारंपरिक साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया।स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ आचार्य, ट्रस्ट के सदस्य व मीडिया प्रभारी, प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने जानकारी दी कि ट्रस्ट भामाशाहों, कंपनियों और बैंकों के सहयोग से राज्य के सरकारी विद्यालयों के जीर्णोद्धार का कार्य कर रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा में सुधार आया है।

ऋणी के साथ मारपीट कर गाड़ी छीनने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

जयपुर। मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 23 अप्रैल को एक ऋणी के साथ मारपीट कर गाड़ी छीनने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से छीनी गई गाड़ी भी जब्त

- **पुलिस ने छीनी गई गाड़ी भी की बरामद**

की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 23 अप्रैल को एक ऋणी राजेश शर्मा के साथ मारपीट कर गाडी छीनने वाले आरिफ खान निवासी हिण्डौन सिटी जिला करौली,अनवर अली निवासी मालपुरा जिला टोंक, किशन हंस निवासी मदनगंज जिला अजमेर और राहुल राज मानसरोवर जयपुर को गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि परिवादी राजेश शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपनी गाड़ी से जा रहा था और उसकी गाड़ी पर एयू बैंक से फाइनेंस था। साथ ही गाडी की दो किस्त बकाया चल रही थी। जहां फाइनेंस वाले लडको ने आकर उसके साथ लोहे के पाइपो व डंडों से मारपीट कर रास्ते में पटक कर गाड़ी लेकर चले गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चिन्हित करते हुए पकड़ा है।

मानसरोवर थाना पुलिस ने एक ऋणी के साथ मारपीट कर गाड़ी छीनने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

स्मैक की तस्करी करने वाली महिला गिरफ्तार

जयपुर। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक

- **उसके पास से 1.65 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक और ब्रिकी राशि के चौबीस सौ रुपये जब्त किए गए है**

महिला तस्कर को पकडा है और उसके पास से 1.65 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक और ब्रिकी राशि के चौबीस सौ रुपये जब्त किए गए है। फिलहाल आरोपी महिला से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व)तेजस्वनी गौतम ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली एक महिला

तस्कर निशा सिंह निवासी फतेहपुर सीकर जिला आगरा(उत्तर प्रदेश) को थाना इलाके में स्थित टीला नंबर दो जवाहर नगर से गिरफ्तार किया है।

जिसके पास से 1.65 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक और ब्रिकी राशि के चौबीस सौ रुपये बरामद किए है। पुलिस आरोपित महिला तस्कर से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

मालवीय नगर में श्रद्धांजलि सभा

जयपुर। मालवीय नगर के करधनी शॉपिंग सेंटर पर आज सर्व समाज ने एकत्र होकर पहलगाम नरसंहार में जान गंवाने वाले नागरिकों के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर एवं शांति प्रार्थना कर अपनी भावनाएं प्रकट की। पार्षद गोविन्द सिंह छीपा ने बताया कि यह सभा स्वत: स्फूर्त थी। जिसका आयोजन और संयोजन आम जनता द्वारा ही किया गया। बड़े पैमाने पर लोगों के इकठ्ठा होने की खबर पाकर स्थानीय पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंचा। हालांकि सभा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गई और किसी तरह की कोई अप्रिय बात नहीं हुई।

कैफे की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर पुलिस ने मारी रेड

जयपुर। मानसरोवर थाना पुलिस ने कैफे की आड़ में चल रहे अवैध हुक्का बार पर कार्रवाई करते हुए कैफे संचालक और मैनेजर को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने वहां से एक दर्जन से अधिक हुक्के,चिलम, पाइप, कटोरी व कई फ्लेवर जब्त किया है। यह हुक्का बार थाना इलाके में स्थित षिप्रापथ रोड मानसरोवर पर संचालित रोज़िल्यन स्काई लाउंज कैफ में चल रहा था।

इसके अलावा पुलिस ने कई मामलो मे वांछित पुलिस थाना आदर्श नगर का हार्डकोर अपराधी आनन्द शांडील्य को भी पकडा है। यह हार्डकोर अपराधी के आनन्दपाल गैंग व लॉरेंस बिश्नोई गैंग से सम्पर्क रह चुके है ।

- **एक दर्जन से अधिक हुक्के, चिलम, पाइप, कटोरी, कई फ्लेवर जब्त**

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आंनद ने बताया कि मानसरोवर थाना इलाके मे पिछले कुछ दिनों से रोज़िल्यन स्काई लाउंज कैफ की आड़ में नौजवानों को हुक्का पिलाने की सूचना मिल रही थी।

जिस पर एक पुलिसकर्मी को सादा वर्दी में भेज कर इसकी तस्दीक करवाई। इसके बाद पुलिस ने छापा मार कर कैफे संचालक अजय राज सिंह और मैनेजर हार्दिक सिंह राजावत को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पुलिस ने वहां से एक दर्जन से अधिक हुक्के, चिलम, पाइप, कटिंग व कई फ्लेवर जब्त किया है। कार्यवाही के दौरान कैफे से पुलिस थाना आदर्श नगर जयपुर पूर्व का एचएस व हार्डकोर अपराधी आनंद शांडिल्य निवासी आदर्श नगर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

मानसरोवर थाना पुलिस ने कैफे की आड़ में चल रहे अवैध हुक्का बार के संचालक और मैनेजर को गिरफ्तार किया है।

आरोपी आनंद शांडिल्य पूर्व में आनंदपाल गैंग व लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सक्रिय सदस्य रह चुका है। आरोपी आनंद शांडिल्य जयपुर शहर के चर्चित मर्डर केस हिम्मत सिंह राजपुरा में आरोपी रहा है तथा पुलिस थाना जवाहर नगर में दर्ज प्रकरण जिसमे लॉरेन्स बिश्नोई गैंग द्वारा शहर के बिल्डर से मांगी फिरौती में मुख्य आरोपी रहा है । आनंद शांडिल्य वर्तमान मे मिषू कम्पनी के प्रबंधकों को धमकी देने के सम्बन्ध में पुलिस थाना रामगंज में वांछित चल रहा था।

फिल्मी स्टाइल में ज्वैलरी शॉप लूटने वाले बदमाश गिरफ्तार

दो देशी कट्टे, तीन जिंदा कारतूस, दो बाइक सहित एक कंटेनर जब्त

जयपुर। बगरू थाना पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में ज्वैलरी शॉप लूट मामले में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध हथियारों के साथ वारदात में यूज दो बाइक व एक कंटेनर जब्त किया है। पूछताछ में सामने आया है कि जेल से छुटकर आए दो दोस्तों ने जल्द पैसा कमाने के चलते प्लान बनाया था। फिल्मी स्टाइल में रैकी के बाद देसी बम फोड़कर मार्केट में दहशत फैलाने के साथ गोलियां चला ज्वैलरी शॉप लूटी। पुलिस को चकमा देने के लिए बाइक से वारदात करने के बाद कंटेनर में छिपकर भागे थे। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 22 अप्रेल को ज्वैलरी शॉप लूट मामले में आरोपित कन्हैया लाल शर्मा उर्फ चिकू पण्डित (20) निवासी तारानगर जिला चुरु, सोहेल पठान (20) निवासी नया शहर बीकानेर हाल गुलजारपुरा मोहल्ला उदय मंदिर जिला जोधपुर और प्यारे लाल लुहार (37) निवासी जहाजपुर जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है। बदमाश कन्हैया लाल शर्मा बगरू रिको एरिया में रहकर आईएमएल कंटेनर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में काम करता है। उसकी कंपनी में प्यारे लाल कंटेनर ड्राइवर है। वहीं इस मामले में फरार साथी कौशल निवासी बगरू की तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो देसी कट्टा, तीन कारतूस, रेकी व वारदात में प्रयुक्त दो बाइक, फरारी में प्रयुक्त कंटेनर और लूटी गई ज्वैलरी बरामद की है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर डेटा बेस तैयार करने के साथ रुट मैप बनाया गया। लुटेरों की पहचान के बाद मुखबिर खास की सूचना पर जोधपुर में दबिश देकर सोहेल को पकड़ा गया। गिरफ्तार सोहेल से पूछताछ के बाद दबिश देकर कन्हैया लाल और प्यारे लाल को पकड़ा गया।

पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी कन्हैया लाल शर्मा और सोहेल पठान की जेल में मुलाकात हुई थी।

कन्हैया लाल पर पूर्व आर्म्स एक्ट के मुकदमे में उसका दोस्त कौशल केशवार है। सजा काटने के बाद कन्हैया लाल और कौशल जेल से बाहर आकर बगरू रीको एरिया में रहने लगे। बगरू रीको एरिया में स्थित आईएमएल कंटेनर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में दोनों काम करने लगे। जल्द पैसा कमाने के चलते दोनों यारों ने बैंक या ज्वैलरी शॉप लूट की प्लानिंग बनाई। प्लान के तहत दोनों ने बगरू स्थित मुथुत फाईनेंस बैंक की रेकी की। इसके साथ ही आस-पास की ज्वेलरी दुकान, बीकानेर की फेमस ज्वेलरी शॉप, तारानगर चुरू में पीएनबी बैंक के पास ज्वैलर्स की रेकी की। रेकी पूरी कर दोनों ने बगरू इलाके स्थित ज्वेलरी शॉप को लूटना तय किया। कन्हैया लाल ने कॉन्टैक्ट कर सोहल को जोधपुर से जयपुर बुलाया। प्लान बताते हुए बाइक से सोहेल को भी कई बार ज्वैलरी शॉप की रेकी करवाई गई। पुलिस को चकमा देने के लिए उन्होंने कंपनी के कंटेनर ड्राइवर प्यारे लाल को शामिल किया। पूछताछ में सामने आया है कि वारदात कर भागने के बाद पुलिस उनकी बाइक को चिन्हित कर पीछा करती रहती। कंटेनर में छिपकर आसानी से पुलिस को चकमा देकर वह फरार हो जाते। इस कारण उन्होंने प्यारे लाल को शामिल किया, जिसका काम उन्हें वारदातस्थल के पास छोड़ना और वारदात करने के बाद सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का था।

बगरू थाना पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में ज्वैलरी शॉप लूट मामले में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि बगरू के जुगल बाजार में मनमोहन शर्मा की रत्नेश्वरी ज्वैलर्स के नाम से ज्वैलरी शॉप पर लूट की गई। 22 अप्रेल की शाम को कंटेनर से वारदातस्थल के पास तीनों बदमाश पहुंचे। रोड किनारे कंटेनर को खड़ा कर ड्राइवर प्यारे लाल निगरानी रखने लगा। बाइक पर उसके तीनों साथी ज्वैलरी शॉप को लूटने निकल गए। ज्वैलरी शॉप पर पहुंचते ही तीनों बदमाशों ने देसी कट्टे निकाल लिए।

शॉप के बाहर निकलकर देसी बम फोड़े। एक हाथ में देसी कट्टा लहराते हुए आस-पास के दुकानदारों को पास में नहीं आने के लिए धमकाने लग गए। मार्केट में दहशत का माहौल फैलाने के बाद ज्वैलरी शॉप के काउंटर के पास आकर शीशे के गेट पर गोली चलाई। जिससे शॉप में मौजूद लोग डर गए। शॉप में रखे सोने-चांदी के गहनों को 2 बैग में भरकर तीनों बदमाश बाइक से भाग निकले। वारदातस्थल से कुछ दूरी पर खड़े कंटेनर में छिपकर वहां से फरार हो गए।

केयर टैकरों ने चुराए जेवर-नकदी

जयपुर। एक बीमार महिला की देखभाल के लिए कंपनी के माध्यम से लगाए केयर टेकरों ने घर से जेवरात व नगदी पार कर ली। इस पर पीड़ित ने गांधी नगर थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार जीएडी फ्लैट्स गांधी नगर निवासी अनिल कुमार महर्षि ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी बीमार मां की देखभाल के लिए राहत हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से घर पर केयर टेकर लगाए गए थे। मां की देखभाल के लिए घर पर मनीष, ममता वर्मा, नीलम और ज्योति आती थी।

24 अप्रेल को घर पर एक निजी कार्यक्रम था तो इस पर अलमारी चैक की गई तो उसमें रखे 2 लाख रुपए, तीन जोडी सोने के कड़े, चांदी की चार जोडी पायजेब, सोने की 10 जोडी बाली सहित अन्य सामान गायब मिला। हमें शक है कि कम्पनी के द्वारा माता की देखभाल के लिए लगाए गए केयर टेकरों द्वारा ही इस वारदात को अंजाम दिया गया है। मामले की जांच एएसआई राज सिंह यादव कर रहे है।